

## एक नजर में

### लालजी मार्ट से हजारों रुपये की चोरी

**बड़वाह।** विधानसभा बडवाह के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत काटकूट में स्थित बड़ेल मार्ग पर लालजी किराना मार्ट में रविवार सोमवार की अर्द्धरात्रि में दुकान के पीछे लगी चद्दर को तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने कीमती सामान नगदी सहित गिफ्ट वाउचर चोरी कर लिये ।दुकानदार संतोष गेंदलाल जाट राम बाबूलाल जाट की तरफ से पुलिस थाना चौकी काटकूट में मामला दर्ज हुआ। संतोष जाट ने बताया कि रविवार को प्रतिदिन की तरह रात्रि 9 बजे अपनी दुकान मार्ट को बंद करके ताला लगाकर हम सब अपने घर पर चले गए थे ।मेरी दुकान पर रोज की तरह आज रात्रि में दुकान मे दुकान के साईड वाले कमरे मे मेरे पिताजी सोये थे ।सोमवार आज सुबह की तरह मेरे पिताजी ने सुबह करीब 07.30 बजे दुकान खोलने के लिये गये देखा तो दुकान में लगा शटर का ताला खुला हुआ था और शटर मे लगा ताला लगाने का हुक टुटा पडा था, मेरे, पिताजी ने मेरे लडके मानस जाट और मुझे फोन कर बताया उसके बाद मेरा लडका मानस दुकान पर गये तो देखा कि दुकान का शटर में ताला लगाने का हुक टूटा था, और दुकान के पीछे लगे चद्दर की दीवार उखडी थी, मेने अंदर जाकर देखा तो मेरी दुकान के चार गल्लो मे अलग अलग रखे नकदी रुपये 10-20-50-200-500 रुपये के नोट के कुल 70560 रुपये और एक सोने और एक चांदी का कुपन वाला सिक्का वजन करीब 02-05 ग्राम के नही थे मैने मेरी दुकान मे लगे सीसीटीवी केमरो को चेक किया तो मेरी दुकान के पास रात के करीब 2.00 बजे दो व्यक्ति आये जिनके मुह पर कपडा बंधा दुकान के बाहर खड़े दिखाई दे रहे है, उनमे से एक व्यक्ति जिसका कपडे से मुह बांधा है, दुकान की शटर मे लगा ताला तोडकर शटर उचकाकर के दुकान के अंदर घुसकर काउंटर के चार गल्लो मे से रखे रुपये एवं एक सोने का एवं एक चांदी का कुपन वाला सिक्का निकालकर ले गया है, मेने और मेरे लडके मानस ने आसपास तलाश पतारशी किया कोई पता नही चला, मेरी दुकान का शटर का ताला तोडकर दुकान के अंदर घुसकर अज्ञात व्यक्ति दुकान के गल्ले मे रखे रुपये एवं एक सोने ओर एक चांदी का कुपन वाला सिक्का चोरी कर ले गया है ।काटकूट चौकी प्रभारी अजय झा ने बताया कि काटकूट बड़ेल मार्ग पर लालजी मार्ट किराना दुकान में चोरी की सूचना मिली है मामले की जांच की जा रही है पुलिस चोरी की घटनाओं में शामिल लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रही है ।सीसीटीवी में अज्ञात चोरों की तस्वीर मुंह बांधे कैद हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि जल्द से जल्द चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### राहुल गांधी पर दर्ज केस रद्द करने की मांग



**खरगोन।** हल्द्वानी में कांग्रेस की सभा के बाद कथित तौर पर किए गए शुद्धिकरण अनुष्ठान मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर की गई एफआईआर मामले ने तुल पकड़ा है। इस मामले में जिला कांग्रेस कमेटी ने आक्रोश दर्ज कराते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर तत्काल रद्द की जाए। शाम 4 बजे एसडीएम कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष रवि नाईक ने ज्ञापन का वाचन करते हुए तहसीलदार को बताया कि हाल ही हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष श्री खडगे की सभा हुई थी। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सभा के बाद कथित तौर पर भाजपा से जुड़े तत्वों ने सभा स्थल का शुद्धिकरण अनुष्ठान किया। राहुल गांधी ने इस कृत्य का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान की भावनाओं के विरुद्ध है। ऐसे कार्य करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि उत्तराखंड सरकार ने हल्द्वानी थाने में शुद्धिकरण अनुष्ठान करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बजाय, इस मुद्दे को उठाने वाले राहुल गांधी के खिलाफ एससी/ एसटी धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया।

# 17 घंटे चला शिवडोला, तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

- पंजाब उत्सव में गूंजा 'बल्ले-बल्ले'
- गतका-भांगड़े ने बांधा समां



**खरगोन।** देवाधिदेव भगवान श्री सिद्धनाथजी महादेव और भगवान श्री महाबलेश्वर महादेव का 58वां वार्षिक नगर भ्रमण शिवडोला श्रद्धा, भक्ति, उल्लास और सामाजिक समरसता के बीच सोमवार प्रातः 3.30 बजे समापन महाआरती के साथ संपन्न हुआ। करीब 17 घंटे चले शिवडोले में जिले सहित प्रदेशभर से पहुंचे तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए।

रविवार 30 अगस्त को प्रात 10 बजे भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना एवं अभिषेक के बाद पालकी यात्रा के साथ शिवडोले का शुभारंभ हुआ। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान का स्वागत कर दर्शन किए। शिवडोले में विभिन्न स्थानों से आए कलाकारों ने लोककला और संस्कृति की रंगारंग प्रस्तुतियां देकरमन मोह लिया।

**पंजाब उत्सव बना आकर्षण का केंद्र**

शिवडोला के अवसर पर आयोजित पंजाब उत्सव विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। ढोल की थाप, भांगड़े और गिद्दा की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को पंजाबी रंग में रंग दिया। नवांशहर पंजाब के दलेर खालसा इंटरनेशनल गतका ग्रुप के कलाकारों ने पारंपरिक युद्धकला गतका का रोमांचक प्रदर्शन किया। तलवार, लाठी और अन्य पारंपरिक शस्त्रों के संचालन के साथ कलाकारों ने साहस, फुर्ती और युद्धकौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इसके बाद दिल्ली के मुंडे भांगड़े दे ग्रुप ने गिद्दा और भांगड़े की शानदार प्रस्तुतियां दीं। ढोल की गूंज पर श्रद्धालु भी झूमते नजर आए। पूरा परिसर 'बल्ले-बल्ले' और 'जो बोले सो निहाल... सत श्री अकाल' के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में बाबा सुक्खा सिंह विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल द्वारा आयोजित पंजाब उत्सव में सिख समाज के गौरवशाली इतिहास, त्याग और वीरता को भी प्रस्तुत किया गया। अकादमी के क्षेत्रीय समन्वय संयोजक एवं शिवडोला समिति के सचिव सरदार कमलजीत सिंह गांधी ने बताया कि कार्यक्रम सिख गुरुओं एवं वीर योद्धाओं की गौरवगाथा को समर्पित रहा। सोमवार प्रातः 3.30 बजे श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर परिसर में समापन महाआरती हुई। एडीएम रेखा राठौड़, एएसपी शकुंतला रूहल, एएसपी बिट्टू सहगल, एसडीएम सत्येंद्र बैरवा, एसडीओपी सौरभ तोमर, शिवडोला समिति अध्यक्ष नवनीतलाल भंडारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों और श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लिया। पुजारी पं. राजेंद्र पगारे के आचार्यत्व में विधि-विधान से आरती संपन्न हुई। शिवडोले में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सकल हिंदू समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। श्री गुरुसिंघ सभा, पंजाबी साहित्य अकादमी तथा मुस्लिम समाज के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों की सहभागिता ने सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया।

## अहिल्या उत्सव मनाएंगे 10 को, निकलेगी पालकी यात्रा

**महेश्वर।** लोकमाता देवी श्री अहिल्याबाई होलकर की 231वीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला अहिल्या उत्सव समारोह इस वर्ष भी श्रद्धा, सम्मान एवं गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष मनोज पाटीदार ने बताया कि समारोह को लेकर अहिल्या उत्सव आयोजन समिति की बैठक 30 अगस्त को शारदा सदन ग्रंथालय में आयोजित हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में रोहित सोनी, विकास सप्तरिषि, रोहित केवट, अज्जू अंसारी, आशीष केवट,सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक में तय किया गया कि परंपरानुसार 10 सितंबर गुरुवार को प्रातः 8 30 बजे देवी श्री अहिल्याबाई की प्रतिमा, देवीश्री बस स्टैंड से प्रेरणा पालकी यात्रा प्रारंभ होगी। पालकी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए राजवाड़ा परिसर पहुंचेगी, जहां देवी श्री अहिल्याबाई की प्रतिमा पर पूजन-अर्चन एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

इसके पश्चात विभिन्न कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित होंगे। समिति की बैठक में प्राप्त सुझावों के अनुसार इस वर्ष अहिल्या उत्सव को नई पीढ़ी से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूली विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन 7 सितंबर को किया जाएगा। इनमें तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों से भी संपर्क किया जाएगा।

प्रतियोगिता के विजेताओं के परिणाम एवं पुरस्कार 10 सितंबर को आयोजित मुख्य अहिल्या उत्सव समारोह में घोषित किए जाएंगे।

## शादी का झांसा देकर 14 वर्षीय बालिका को ले भागा



**बड़वाह।** थाना बड़वाह पुलिस ने घर से लापता हुई 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को तलाश कर बरामद किया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, बालिका के घर वापस नहीं आने पर परिजन ने थाना बड़वाह में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने बालिका की तलाश शुरू की। जांच के दौरान जानकारी मिली कि बालिका को इंदौर जिले में एक स्थान पर छिपाकर रखा गया है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को बालिका को बड़वाह से अन्य स्थान पर ले जाते समय घेराबंदी कर पकड़ लिया। बालिका को सुरक्षित थाने लाया गया, जहां महिला अधिकारी द्वारा उसके कथन लिए गए। पुलिस के मुताबिक, बालिका ने बताया कि वह आरोपी को पहले से जानती थी और आरोपी ने प्रेम प्रसंग में फंसाकर शादी का झांसा दिया तथा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। बालिका के कथनों के आधार पर प्रकरण में धाराएं बढ़ाई गई हैं।

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। कार्रवाई एसपी खरगोन रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शकुंतला रुहल तथा एसडीओपी अर्चना रावत के मार्गदर्शन में की गई।

## गायत्री वृक्ष तीर्थ मेहरजा में मनाया विमुक्ति दिवस

**खरगोन।** गायत्री वृक्ष तीर्थ मेहरजा में विमुक्ति दिवस का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता का पूजन एवं वंदे मातरम् गायन के साथ हुई। कार्यक्रम में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू समुदाय के जनप्रतिनिधियों के साथ छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को टेवलराम चौहान, रमेश नायक, अनारसिंग नायक, बापूसिंह परिहार, धनसिंग नायक, संदीप राठौर, बंटी राठौर, संजू नायक, राहुल राठौर, राजेश नायक, इंजीनियर रेमो राठौर, राजू चौहान, अभिषेक जोगी एवं सकानाथ आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू समुदाय के अधिकारों, सामाजिक विकास और मुख्यधारा से जुड़ने के महत्व पर विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में दिया राठौर ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी करण सिंह चौहान, किशोर सिंह राठौर, सुशीला राठौर, मंशाराम नायक, उत्तम पंवार, विक्रम राठौर, जगन्नाथ राठौर, किशोर खालसा, टुकड़िया भाई, देवा पंवार, उदयसिंग, घनश्याम चौहान, गजेन्द्र नायक सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक संचालक डॉ. कविता आर्य, विनय कुमार शर्मा, प्रभुराम मोरे, कृष्णराज राठौर सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

**एक नजर** | विद्यार्थियों ने उत्साह से लिया भाग, खेलों को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का दिया संदेश

## विधि महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं



**खरगोन।** शासकीय विधि महाविद्यालय, खरगोन में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की स्मृति में विभिन्न खेल गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ मेजर ध्यानचंद के अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद के जीवन एवं भारतीय खेलों में उनके अद्वितीय योगदान पर आधारित प्रेरणादायी डॉक्यूमेंट्री के प्रदर्शन के साथ हुआ। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों ने उनके खेल जीवन, अनुशासन और समर्पण को जाना। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

इनमें क्रिकेट, फुटबॉल एवं शतरंज स्पर्धाएं प्रमुख रहीं। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी खेल प्रतिभा, कौशल एवं रणनीतिक क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास होता है।

क्रीड़ा अधिकारी सत्यम निंगवाल ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में सहभागिता करने तथा खेलों को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से मेजर ध्यानचंद के आदर्शों एवं खेल भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# खंडवा

## एक नजर में

### सिंधी समाज ने मनाई कजली तीज



**खंडवा।** सिंधी समाज की महिलाओं ने सोमवार को तीज का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया ।मुख्य रूप से आयोजन सिंधी कॉलोनी स्थित शिव धाम मंदिर में हुआ। सिंधी समाज के ब्राह्मण पंडित श्याम शर्मा और प्रवक्ता कमल नागपाल द्वारा जानकारी दी गई कि सोमवार, 31 अगस्त 2026 शिव धाम सिंधी कॉलोनी, गली नंबर 2 में गुरु माता (गुरुयाणी) राधा शर्मा के द्वारा सभी को कजली तीज का पूजन करवाया गया एवं पवित्र झूला झुलाया गया ।कथा भी उन्हीं के द्वारा संपन्न कराई गई। उल्लेखनीय है कि कजली तीज के व्रत को सिंधी समाज में 'टीजड़ी' कहा जाता है ।चूंकि गणना अमावस्या से अमावस्या के अनुसार चलती है, इसलिए यह व्रत कृष्ण पक्ष की तृतीया (तीज) को मनाया गया। यह व्रत करवा चौथ के समान ही पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए रखा गया ।पंडित श्याम शर्मा के अनुसार व्रत से एक दिन पहले सुहागिन महिलाओं ने दोनों हाथों में मेहंदी लगाई। सुहागिनें सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठीं और भोजन (सरगी) ग्रहण किया ।इसके बाद तुलसी माता तथा भगवान शिव व माता पार्वती का विधि-विधान से पूजन किया गया। पूजन के उपरांत जल ग्रहण कर निर्जला/निराहार व्रत का संकल्प लिया गया। दिन भर व्रत रखकर भगवान की आराधना व भजन-कीर्तन किया गया। वहीं शाम में सुहागिनें एकत्रित हुईं और टीजड़ी व्रत की कथा सुनी। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन होने पर चंद्रमा को दूध का अर्घ्य दिया गया ।अर्घ्य देकर व्रत पूर्ण हुआ,जिसके बाद महिलाओं ने भोजन ग्रहण किया। इस प्रकार व्रत का समापन हुआ।

## ओंकारेश्वर-सनावद रोड गड्ढों से भरी



**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर.** ओंकारेश्वर से सनावद जाने वाली सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हो रहे हे । ऐसा लगता हे कि सड़क में गड्ढे हे या गड्ढे में सड़क है।

बारिश में गड्ढों में पानी भर जाता हे वाहनों को समझ ही नहीं पड़ती हे कि किधर निकले गड्ढे कितने गहरे हे गड्ढों का पानी वाहन से उचट खाकर बगल में चलने वाले वाहन पर गिरता हे चालक के कपड़े खराब हो जाते हे। पग-पग पर गड्ढे होने से वाहन वाहन चालक दोनों की हालत खराब हो जाती है।

## ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर कांग्रेस ने उठाए सवाल



**खंडवा।** तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में नर्मदा के घाटों पर लगातार हो रही डूबने की घटनाओं और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुचकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने कलेक्टर ऋषव गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की। इस दौरान जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन भी मौजूद रहे। ज्ञापन में कांग्रेस ने बताया कि प्रशासनिक आंकड़ों एवं हालिया घटनाओं के अनुसार पिछले 18 महीनों में ओंकारेश्वर के विभिन्न घाटों पर डूबने से 44 श्रद्धालुओं की असामयिक मृत्यु हो चुकी है। इनमें अकेले अगस्त 2026 में ही तीन श्रद्धालुओं की जान जा चुकी है। वहीं, ब्रह्मपुरी घाट को विशेष रूप से संवेदनशील बताते हुए कांग्रेस ने कहा कि यहां पिछले 18 माह में सर्वाधिक 17 श्रद्धालुओं की डूबने से मौत हुई है। इसके अलावा नागर घाट, कोठी चक्रतीर्थ घाट, अभय घाट, संगम घाट और गोमुख घाट पर भी हादसे होने की बात कही गई है। कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने कहा कि ओंकारेश्वर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए घाटों पर पर्याप्त संसाधन और सुरक्षा बल उपलब्ध नहीं हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि प्रमुख घाटों पर वर्तमान में सुरक्षा व्यवस्था अपर्याप्त है और इसे तत्काल मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने ब्रह्मपुरी घाट सहित सभी गहरे और तेज बहाव वाले संवेदनशील क्षेत्रों को रेड जोन घोषित कर चेतावनी बोर्ड लगाने, श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से

## कलश यात्रा के साथ आज से भागवत कथा का शुभारंभ



**खण्डवा।** श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ समिति खण्डवा द्वारा 1 सितंबर से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन पुरानी अनाज मंडी में होने जा रहा है।

जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी नारायण बाहेती ने बताया कि इस वर्ष सुप्रसिद्ध कथा वाचिका परम पूज्य देवी कृष्णप्रिया जी व्यासपीठ से श्रीमद्भागवत कथा का रसास्वादन कराएगी ।प्रतिदिन कथा 2 30 से 6 बजे तक चलेगी ।1 सितंबर से प्रारम्भ होने वाली श्रीमद्भागवत कथा का प्रारम्भ कलश यात्रा से होगा। कथा वाचक देवी कृष्ण प्रिया जी प्रातः कर्नाटक एक्सप्रेस से खण्डवा पधारेगी ।कलश यात्रा मंगलवार दोपहर 12 -30 बजे श्री द्वारकाधीश हवेली बॉम्बे बाजार से प्रारम्भ होकर घंटाघर,विट्ठल मंदिर, बजरंग चौक होते हुए पुरानी अनाज मंडी जाएगी।

**एक नजर में** | फाइनल में आभा ठाकुर को हराकर जीता स्वर्ण पदक

## 14 वर्षीय अर्शिया ने बैतूल में जीती महिला कुश्ती



**खंडवा।** छोटी उम्र, बड़ा हौंसला और अखाड़े में दमदार दांव-पेंच...। 14 वर्षीय महिला पहलवान अर्शिया अल्ताफ ने एक बार फिर खंडवा का नाम रोशन किया है। बैतूल जिले के बागडोना-घोड़ाडोंगरी में रविवार को आयोजित विराट आम दंगल में अर्शिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला कुश्ती का प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया।

जानकारी अनुसार सेमीफाइनल और फाइनल में छिंदवाड़ा की पहलवानों को शिकस्त देकर अर्शिया ने गोल्ड मेडल और 5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। 30 अगस्त को आयोजित दंगल में अर्शिया ने सेमीफाइनल मुकाबले में छिंदवाड़ा की पूर्वा ठाकुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में भी उन्होंने शानदार दांव लगाते हुए आभा ठाकुर को पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया। दंगल समिति की ओर से उन्हें गोल्ड मेडल के साथ 5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। खंडवा के सभी पहलवानों को जीत की शुभकामनाएं देते हुए बताया की कुश्ती कला में हमारा खंडवा जिला मध्य प्रदेश में कुश्ती का हब बन चुका है, यहां के बालक एवं बालिका पहलवानो ने अपने हुनर का परिचय देते हुए शानदार कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए जिला, प्रदेश, देश एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खंडवा का नाम रोशन किया है। दंगल में खंडवा के अली पवार पहलवान ने दो मुकाबलों में जीत दर्ज की, जबकि अक्षय पहलवान ने भी एक कुश्ती अपने नाम की। इस दौरान कुश्ती कोच जगदीश पटेल और अल्ताफ पहलवान खंडवा भी पहलवानों के साथ मौजूद रहे। अर्शिया पिछले करीब चार वर्षों से कुश्ती के मैदान में सक्रिय हैं।